राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

राजस्थान सरकार

RSCERT Udaipur

हवामहल



बच्चों का झरोखा

29 जुलाई 2023: शनिवार: वर्ष – 04: अंक – 15

इंद्रधनुष
आज की कविता

आसमान में जो सबसे रंग बिरंगी चीज है वो इंद्रधनुष है। नीला, पीला, लाल ,बैगनी, हरा, नारंगी और जामुनी रंग । जैसे हम इन्सान इस धरती पर विविध रंग हैं वैसे आसमान में यह इंद्रधनुष। सात अलग अलग रंग लेकिन सब एकजुट। रंगबिरंगी यह कविता सुनने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

3+ वर्ष के बच्चों के लिए। BookBox

कर्कश कौए
आज की कहानी

कौए भी दूसरे पक्षियों की तरह मजेदार हैं । उनकी एक खास आवाज काँव काँव ही उनकी पहचान बन गई है। पर उनकी कहानी भी कम रोचक नहीं। आइए सुनते हैं एक कौए की कहानी , उसी की जुबानी । कहानी सुनने के लिए चित्र पर क्लिक करें

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Storyweaver

वो बिल्ली जो अकेली रह गई
आज की किताब

जंगल में सभी जानवरों को गर्मी चाहिए थी। लेकिन गुफा में जलती आग और इंसानों के बीच अकेले जाने की हिम्मत किसी में न थी । पहले कुत्ता और फिर घोड़े ने कोशिश की। फिर बिल्ली ने हिम्मत दिखाई। उसने क्या किया की वो इंसानों की दोस्त बन गई। कहानी पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindguptatoys

ढलान पर चलने वाला जानवर
आज की गतिविधि

खिलौने बहुतेरे देखे और बनाए होंगे , लेकिन ये खिलौना थोड़ा अलग है । ये एक ऐसा चौपाया जानवर है जो बिना बैटरी, बिना बिजली, बिना ईंधन के चलता है। हमें चाहिए एक प्लास्टिक शीट, एक तार और एक कैंची बस। बनाने की पूरी विधि देखने के लिए चित्र पर क्लिक करें ।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindguptatoys

शिक्षक पढ़ेगा नहीं तो बढेगा नहीं
टीचर्स कॉर्नर

यदि शिक्षक को पढ़ने की आदत नहीं तो चिंतन न होगा, और चिंतन न होगा तो बच्चों को रचनात्मक ढंग से पढ़ाने के तरीकों को जानने समझने का सवाल ही नहीं। पढ़ने की यह आदत शिक्षक पर कैसे असर डालती है शिवरतन थानवी अपने आलेख में बता रहे हैं। पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

शिक्षकों के लिए। Khoje Aur Jane

अँधेरे में लाइट हाउस
हमारा पुस्तकालय

दोस्ती एक ऐसा विषय है जो देशों, संस्कृतियों और समय की सीमाएं लांघ कर हर वक्त एक ऐसा स्फुरण देती है जिसकी कहीं कोई बराबरी नहीं। मुस्कान से प्रकाशित और नीतू यादव की लिखी कहानी 'नरम गरम दोस्ती' की समीक्षा की है साहित्यकार अरुण कमल ने। पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

शिक्षकों के लिए। Parag



#सबपढ़े

#सबबढ़े

साथियों, हवामहल का 170वाँ अंक आपके हाथों में हैं। खुद जुड़िये और अपने दोस्तों को भी जोडिए। बताइएगा कि यह अंक कैसा लगा?

हवामहल के सभी अंकों को प्राप्त करने के लिये यह QR कोड स्कैन करें।

आज का अंक आपको कैसा लगा ? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।